Bareilly Friday
3 March 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 16

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO : 4MIDDLE

जीरो डोज बच्चों का टीकाकरण बना चुनौती

वैक्सीनेशन से ही मिली कोविड महामारी पर विजय

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (2 March): सफल वैक्सीनेशन की बदौलत ही हमने दूसरे मुल्कों के मुकाबले कोविड महामारी की चुनौती का सफलतापूर्वक सामना किया. वैक्सीन से ही संभावित जनहानि रोकी जा सकी. हालांकि महामारी के दौरान बच्चों का नियमित टीकाकरण न हो पाना हमारे लिए बड़ी चुनौती है. इस दौरान बहुत से नवजात डिप्थीरिया, टिटनेस, पोलियो, डीपीटी, हेपेटाइटिस-बी टीकों की पहली खुराक से भी वंचित रह गए. ऐसे जीरो डोज बच्चों के टीकाकरण के प्रति तेजी से काम किया जा रहा है. यह बात खसरा, रूबेला उन्मूलन प्रोग्राम की नेशनल वेरिफिकेशन कमेटी के हेड और कोविड 19 की नेशनल टास्क फोर्स के ऑपरेशनल रिसर्च ग्रुप और कई अन्य कार्यक्रमों के अध्यक्ष व इंक्लेन ट्रस्ट इंटरनेशनल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रोफेसर (डॉ.) नरेंद्र कुमार अरोरा ने कही.

वयस्कों के टीकाकरण पर भी हुई चर्चा.

पूछे गए सवाल

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की ओर से थर्सडे को भारत में टीकाकरण और प्रतिरक्षा कार्यक्रम विषय पर गेस्ट लेक्चर और पैनल डिस्कशन का आयोजन हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) नरेंद्र कुमार अरोरा इसमें शामिल हुए. उन्होंने देश में टीकाकरण और प्रतिरक्षा कार्यक्रम में भागीदार लोगों की चुनौतियां, भूमिका और उम्मीदों पर बात की. साथ ही उन्होंने पैनल डिस्कशन में पूछे गए सवालों के जवाब दिए.

यादें की साझा

कोविड महामारी के दौरान गाइडलाइन तैयार करने वालों में से एक रहे डॉ. अरोरा ने बरेली से अपनी यादें साझा की. उन्होंने कहा कि यहां जीआईसी से इंटर करने के बाद भले ही मैं एमबीबीएस के लिए एम्स चला गया लेकिन परिवार यहां ही रहा. बरेली कभी मुझसे दूर नहीं हुआ. इसी वजह से जब बरेली के लिए कुछ करने का मौका मिला तब इंक्लेन के जरिये रिसर्च के लिए यहां के आसपास के 45 गांव गोद लिए और दो वर्ष पहले एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के साथ इन गांवों के डेमोग्राफिक डेवलपमेंट के लिए काम शुरू किया. पैनल डिस्कशन में निमोनिया, हेपेटाइटिस बी, लिवर कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, इंफ्युजला जैसी बीमारियों से बचाव के लिए वयस्कों के टीकाकरण पर भी चर्चा हुई. इसमें डॉ. अरोरा के साथ क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज लुधियाना के वाइस प्रिंसिपल प्रोफेसर (डॉ.) सीजे सैमुअल, बरेली के वरिष्ठ पीडियाट्रीशियन डॉ.अतुल अग्रवाल, डब्ल्यूएचओ के डिवीजनल सर्विलांस आफिसर डॉ.अखिलेश्वर सिंह, प्रोफेसर (डॉ.) स्मिता गुप्ता, प्रोफेसर (डॉ.) मृदु सिन्हा, प्रोफेसर (डॉ.) सुरभि चंद्रा भी शामिल हुईं. पैनल डिस्कशन का संचालन डॉ. अभिनव पांडेय और कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुगंधि शर्मा ने किया. इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, प्रिंसिपल डॉ. एसबी गुप्ता, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. महेंद्र सिंह बुटोला आदि उपस्थित रहे.